तकनीकी ज्ञान के अभाव में होनेवाले दुष्परिणामों से कराया अवगत

▪ विद्यार्थियों का साइबर सुरक्षा को लेकर फ्लैश मॉब

ब्यूरो। भंडारा सन्मित्र गणेश मंडल के 'गणेशपुर के राजा' के सामने सायबर सुरक्षा को लेकर जे. एम. पटेल कॉलेज के विद्यार्थियों ने हाल ही में फ्लैश मॉब के माध्यम से जनजागरण किया जिसमें तकनीक के अपने जीवन में होने वाले फायदे के साथ तकनीक का सही ज्ञान नहीं होने के कारण होने वाले नुकसान बताए गए। जे. एम. पटेल कॉलेज के सायबर वॉरिअर एंटी वायरस कंपनी क्विक हिल के साथ मिलकर सायबर सुरक्षा को लेकर जनजागरण किया। करीब 30 सायबर योद्धाओं ने 'गणेशपुर के राजा' के सामने लेजीम नृत्य प्रदर्शित किया। अपने नृत्य प्रस्तुतिकरण के माध्यम से सोशल मीडिया हमें कैसे अपने जाल में फंसाता है। इसका प्रदर्शन किया। इन 30 सायबर योद्धाओं ने ऐसे अनोखे उपक्रमों द्वारा 2 हजार से ज्यादा लोंगों को सायबर सुरक्षा को लेकर जनजागरण से नया आदर्श रखा। उपक्रम के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास ढोमणे, आयक्युएसी के समन्वयक डॉ. कार्तिक पनीकर, कम्प्यूटर विभाग प्रमुख डॉ. प्रवीण घोसेकर ने मार्गदर्शन किया।